Aahuti Welfare Society, Delhi

A step Towards A Better Society

# Aahuti Welfare Society

# 2012-13

Aahuti welfare Society is a Non-Government Organization working in the field of spreading awareness towards the bad effects of smoking and chewing tobacco.

**Annual Report**

# Aahuti Welfare Society, Delhi

## आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली

## (रजि. नः- S/460/2011)

Aahuti Welfare Society, Delhi
बेहतर समाज की ओर बढ़ते कदम !

Annual Report 2012-13

वार्षिक रिपोर्ट 2012-13

**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**

# Message

# संदेश

मेरे प्यारे मित्रो ,

आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली के गठन को दो वर्ष पूरे होने पर आप सभी को बहुत सी बधाई व शुभकामनाएं !

पिछले वर्ष 12-13 मे आहुति द्वारा मुख्य रूप से एक रक्तदान शिविर, एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर, रामजस कॉलेज मे तंबाकू निषेध कार्यक्रम तथा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। सभी कार्यो मे आप सभी का योगदान सराहनीय रहा है। आप सभी के सहयोग व समर्थन के बिना सोसाईटी के उद्देश्यों को पूरा करना असंभव है।

भले ही हम धीमी गति से आगे बढ़ रहे है क्योकि हमारे पास मानवीय व वितीय संसाधन पर्याप्त नहीं है परंतु इतना तय है कि हम सही दिशा मे आगे बढ रहे है और उपलब्ध संसाधनो के आधार पर अपने कार्यो को अंजाम देने की पूरी कोशिश मे लगे है।

मेरा तो यही मानना है कि किसी भी कार्य के पीछे की भावना महत्वपूर्ण होती है और कोई भी कार्य एक स्वच्छ व निष्काम भाव से किया जाना जरूरी है। मेरी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि हमारी भावना मे कोई त्रुटि या स्वार्थ शामिल न हो।

सोसाइटी के उद्देश्यों को लेकर हम सभी को और ज्यादा गंभीर होने व अधिक समय देने की आवश्यकता है तभी हम सही मायनों मे अपनी असली मंजिल को पा सकेगे और मुझे पूरा भरोसा है हम सभी जब साथ मिल कर जोश के साथ आगे बढ़ेगे तो हर मुश्किल आसान हो जाएगी।

मै सोसाईटी को सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियो, दानकर्ताओ व स्वयंसेवको का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, क्योकि उनके सहयोग के बिना हम अधूरे है। मेरा सभी से आग्रह है कि भविष्य मे भी सोसाईटी को बढ-चढ कर सहयोग दे ताकि समाज की बेहतरी के लिए हम अपना योगदान दे सके।

शुभकामनाओं सहित।

आपका

(मुकेश गुप्ता)

अध्यक्ष

**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**

## 2012-13 की गतिविधियां एवं उपलब्धियां

- आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 15/10/2012 को रामजस महाविद्यालय, दिल्ली मे कालिज की एन.एस.एस. यूनिट के सहयोग से Awareness Programme on Bad Effects of Tobacco का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत एक निबंध-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
  इसके पश्चात् डा. मनीष जैन, (मनोचिकित्सक) ने उपस्थित समूह को तंबाकू पदार्थो के सेवन के दुष्परिणाम व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।
  छात्रों के बीच तंबाकू से होने वाली बीमारियों की जानकारी देने वाले लीफलेट वितरित किए गए।

- आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 18/11/2012 को लगभग 100-150 कपड़े शादीपुर स्लम क्षेत्र मे जाकर जरूरतमन्द लोगो के बीच वितरित किए गए। इन कपड़ो को विभिन्न लोगो के माध्यम से एकत्रित किया गया था।

- आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 25/12/2012 को लगभग 200-250 गरम कपड़े शास्त्री पार्क क्षेत्र (जम्मू कश्मीर से विस्थापित लोगो का कैंप) मे जाकर लोगो के बीच वितरित किए गए। इन कपड़ो को विभिन्न लोगो के माध्यम से एकत्रित किया गया था।
  - आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 17/01/2013 को शास्त्री पार्क, दिल्ली (जम्मू कश्मीर से विस्थापित लोगो का कैंप) के लिए 10 नए कंबल की व्यवस्था की गई।

  - आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 27/01/2013 को शास्त्री पार्क, दिल्ली (जम्मू कश्मीर से विस्थापित लोगो का कैंप) के लिए 50 किलो आटा, 50 किलो चावल, 30 किलो दाल व 5 किलो चाय पत्ती की व्यवस्था की गई।

**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**

- आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 08/02/2013 को तंबाकू-युक्त पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु एक होर्डिंग (6*3) सर्वोद्य स्कूल, पंजाबी बाग,दिल्ली में लगवाया।

- **आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली द्वारा 10/02/2013 (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक एलाइड हाउस,इंद्रलोक,दिल्ली मे एक आंखो की जांच का कैंप लगाया गया जिसमे आने वाले हर व्यक्ति की मुफ्त जांच_की गई। डॉ अंचल गुप्ता (नेत्र विशेषज्ञ) ने अपनी टीम के साथ मिलकर 101 मरीजो की आंखो की_जांच की। मरीजो को उपलब्ध दवाईया भी मुफ्त वितरित की गई।**

- **आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली** द्वारा दिनांक 11/04/2013 (गुरुवार) को दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, कर्मपुरा, नई दिल्ली मे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कुल **80 यूनिट रक्त** एकत्रित किया गया। आहुति, शिविर मे सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों व संस्थाओ का तहे दिल से आभार व्यक्त करती है और भविष्य मे भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा करती है।

- **आहुति वैलफेयर सोसाईटी,दिल्ली** द्वारा दिनांक 31/05/2013 (शुक्रवार) को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष मे “ध्वनि” ग्रुप के सहयोग से मोती नगर मे फ़न सिनेमा के पास तथा कर्मपूरा बस टर्मिनल, नई दिल्ली मे नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से तंबाकू के कारण होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया तथा लोगो को इस बुरी आदत से दूर रहने की अपील की गई। ये प्रयास सार्थक हो गया जब मोके पर ही कुछ लोगो ने तंबाकू छोड़ने की प्रतिज्ञा की। दो भाइयो राम दिव्वेदी व श्याम दिव्वेदी तथा शहंशाह ने सबके सामने तंबाकू छोड़ने का वादा किया।

  आहुति, इस कार्यक्रम मे सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों व संस्थाओ का तहे दिल से आभार व्यक्त करती है और भविष्य मे भी इसी प्रकार के सहयोग बेहतर समाज की ओर बढ़ते कदम की आशा करती है।

**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**

Aahuti Welfare Society, Delhi

बेहतर समाज की ओर बढ़ते कदम !

## कार्यकारिणी व अन्य सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| मुकेश गुप्ता | - | अध्यक्ष |
| डा. अनिल कुमार शर्मा | - | उपाध्यक्ष |
| हरेन्द्र | - | महासचिव |
| श्री भगवान गोयल | - | कोषाध्यक्ष |
| गौरी सेठी | - | सह-सचिव |
| चंदन जिंदल | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| अभिषेक रंजन कुमार | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| मनोज कुमार | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| राकेश गुप्ता (C.A.) | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| अनूप कुरियाल | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| मैना देवी | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| पुरूषोतम गोयल | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| महेन्द्र कुमार | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| हर्ष श्रीवास्तव | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| वरूण महेश्वरी | - | कार्यकारिणी सदस्य |
| दीपक गोयल | - | सदस्य |
| जय भगवान गोयल | - | सदस्य |
| लव कुमार राय | - | सदस्य |
| हरी राम | - | सदस्य |

**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**

# AAHUTI WELFARE SOCIETY, DELHI

## FINANCIAL STATEMENT

**For the year ending on 31st March, 2013**

| | Income | | | Expenditure | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | Particulars | Amount (Rs.) | Sr. No. | Particulars | Amount (Rs.) |
| 1 | Subscription Fee | 11400.00 | 1 | Blood Donation Camp | 6290.00 |
| 2 | Donation | 19850.00 | 2 | Help to Needy | 6600.00 |
| 3 | Interest on Saving A/c | 191.00 | 3 | Administrative Exp. | 9282.00 |
| | | | 4 | Audit Fee | 2100.00 |
| | | | 5 | Eye Check-up Camp | 4109.00 |
| | | | | Excess Of Income | |
| | | | | Over Exp. | 3060.00 |
| | Total | 31441.00 | | Total | 31441.00 |
| | | | | | |

## Contact Details


**संपर्क सूत्र-**

पंजीकृत कार्यालय-

101, प्रथम तल, रामा विहार, नई दिल्ली

मोबाईल नः- 09868627462, 09466531586

ई-मेल- aahutiwelfaresociety@gmail.com

वेबसाइट- aahutiwelfaresociety.blogspot.com



**Downloaded from www.aahutiwelfaresociety.blogspot.com**